**DISTRICT ELECTION OFFICE, KURUKSHETRA**

# जिला निर्वाचन कार्यालय, कुरूक्षेत्र

क्रमांक निर्वाचन-2016/916 दिनांक 5 अक्तुबर, 2016

सेवा में

प्रधानाचार्या,
दयानन्द महिला महाविद्यालय,
कुरुक्षेत्र।

विषयः **01.01.2017 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली प्रतियोगिता करवाने बारे।**

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर महाविद्यालय छात्रों की स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली प्रतियोगिता आपके कॉलेज में दिनांक 21.10.2016 को प्रातः 10.00 बजे करवाई जानी है। रंगोली प्रतियोगिता की समय सीमा प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 1 घण्टा 30 मिनट होगी तथा प्रतियोगिता में केवल एक छात्र/छात्रा की प्रतिभागी होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रतियोगिता को करवाने हेतू आवश्यक प्रबन्ध करने तथा अपने स्तर पर निर्णायक मण्डल का गठन करने का कष्ट करें। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों का नाम, कक्षा, पता व मोबाईल नं0. और प्रतियोगिता की चार फोटो भी जिला निर्वाचन कार्यालय कुरुक्षेत्र में दिनांक 25.10.2016 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

कृतेः उपायुक्त एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
कुरूक्षेत्र।

*Office: 4th Floor, Mini Secretariat Building, Kurukshetra – 136118 (Haryana) (India) Tel: 01744-220507 Fax: 01744-220507*
*कार्यालयः चतुर्थ तल, लघु सचिवालय बिल्डिंग, कुरूक्षेत्र -136118 (हरियाणा) (भारत) दुरभाषः 01744-220507 फैक्सः01744-220507*
*E-mail: elt_kkr@yahoo.in*
*- 1085 -D:\Election Office\2016\Jan-16\Letter.doc*

Scanned with CamScanner

# DISTRICT ELECTION OFFICE, KURUKSHETRA
# जिला निर्वाचन कार्यालय, कुरूक्षेत्र

क्रमांक निर्वाचन-2016/414 दिनांक 5 अक्तुबर, 2016

सेवा में

जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों के
प्रधानाचार्य एंव प्रबन्धक

विषयः **01.01.2017 को क्वालीफाईग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए स्वीप गतिविधि के तहत जिला स्तर पर प्रतियोगिता बारे।**

उपरोक्त विषय पर आपको इस कार्यालय के पूर्व पत्र क्रमांक निर्वाचन-2016/836 दिनांक 19-09-2016 के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्वीप गतिविधि के तहत निम्नानुसार प्रतियोगिताएं करवाई जानी है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने शिक्षण संस्थान से चुने गए प्रथम तीन प्रतिभागियों को एक-एक अध्यापक/अध्यापिका के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निम्न तालिका में दिए गए स्थान पर समय से पूर्व भेजना सुनिश्चित करें।

| प्रतियोगिता का नाम व विषय | स्थान | प्रतियोगिता की तिथि व समय | प्रतियोगिता से सम्बन्धित हिदायतें | रिमार्कस |
|---|---|---|---|---|
| <u>निबन्ध लेखन प्रतियोगिता</u><br>**विषयः** 'स्वस्थ निर्वाचक नामावली एंव निष्पक्ष चुनावों के बिना प्रजातन्त्र एक मृग मरीचिका है' (Democracy without healthy Electoral Roll and fair election is a mirage) | युनिवर्सिटी कॉलेज, कुरुक्षेत्र। | 14.10.2016<br>प्रातः 10.00 बजे | समयः 1 घण्टा 30 मिनट<br>अधिकतम शब्द 500 | |
| <u>भाषण प्रतियोगिता</u><br>**विषयः** 'स्वस्थ निर्वाचक नामावली एंव निष्पक्ष चुनावों के बिना प्रजातन्त्र एक मृग मरीचिका है' (Democracy without healthy Electoral Roll and fair election is a mirage) | डॉ0 बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज ऑफ एजूकेशन, खेड़ी मारकण्डा, कुरुक्षेत्र | 17.10.2016<br>प्रातः 10.00 बजे | समयः 5 मिनट | |
| <u>रंगोली प्रतियोगिता</u> | दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र। | 21.10.2016<br>प्रातः 10.00 बजे | समयः 1 घण्टा 30 मिनट<br>केवल एक छात्र/छात्रा प्रतिभागी होगा | रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्रतियोगिता से सम्बन्धित सामग्री स्वयं लेकर आएंगे। |

*Office: 4th Floor, Mini Secretariat Building, Kurukshetra – 136118 (Haryana) (India) Tel: 01744-220507 Fax: 01744-220507*
*कार्यालयः चतुर्थ तल, लघु सचिवालय बिल्डिंग, कुरूक्षेत्र -136118 (हरियाणा) (भारत) दुरभाषः 01744-220507 फैक्स:01744-220507*
*E-mail: elt_kkr@yahoo.in*
*- 692 -D:\Election Office\2016\Jan-16\Letter.doc*

Scanned with CamScanner

**DISTRICT ELECTION OFFICE, KURUKSHETRA**

# जिला निर्वाचन कार्यालय, कुरूक्षेत्र

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मेहंदी प्रतियोगिता | आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद | 28.10.2016 प्रातः 10.00 बजे | समयः 1 घण्टा 30 मिनट केवल दो छात्र/छात्रों का समूह होगा। | मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्रतियोगिता से सम्बन्धित सामग्री स्वयं लेकर आएंगे। |

कृतेः उपायुक्त एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
कुरूक्षेत्र।

Scanned with CamScanner

20/6/17

"स्वच्छ निर्वाचक नामावली एवं निष्पक्ष चुनाव के बिना लोकतन्त्र एक मृग मरीचिका है" विषय पर

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 31.10.16 को दयानन्द महिला महाविद्यालय में जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले के 7 महाविद्यालयों से 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री सुमेधा कटारिया, डिप्टी कमिश्नर, कुरुक्षेत्र रही। उन्होंने इस अवसर पर छात्राओं को 100% म. का लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। जीवन के हर क्षेत्र में स्वच्छता को अपनाने पर जोर दिया एवं प्रदूषण जैसी विकट समस्या से निपटने के लिए समाधान की राह सुझाई। नोडल अधिकारी, पायल आनन्द चौधरी ने महाविद्यालय की स्वीप गतिविधियों का ब्यौरा दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा० (श्रीमति) विजय मल्होत्रा जी ने उपायुक्त महोदया को धन्यवाद ज्ञापित किया व विश्वास दिलाया कि हम सब मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान को सशक्त बनाएंगी एवं महाविद्यालय में Scooter-free day अवश्य अपनाएं।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु० दीपिका (क्रमांक), द्वितीय स्थान कु० कीर्ति (क्रमांक 17) एवं तृतीय स्थान कु० पूजा (क्रमांक 7) ने प्राप्त किया।

Scanned with CamScanner

श्री सुमेधा कटारियाजी ने मतदान विषय पर
की प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना की। निर्णायक-
मंडल की भूमिका में श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, सुश्री अल्का
व श्री दिनेश कुमार रहे। स्वीप सदस्या श्रीमती
[illegible], श्रीमती मीनाक्षी शर्मा व श्रीमती रेखा ने कार्यक्रम
को समुचित ढंग से संचालित करने में सहयोग किया।

Arora

**Report of Inter College Rangoli competition (District level) held on 21.10.2016 at Dayanand Mahila Mahavidyalaya Kurukshetra organised by SVEEP**

On 21 October, 2016, a district level Rangoli competition was organised by SVEEP cell of the college in which 24 students from 9 different colleges of the district participated. The Theme of Rangoli was **Democracy without Healthy Electoral Roll and fair election in a Mirage.** Mrs. Sumedha Kataria (Deputy Commissioner, Kurukshetra) was the chief guest on this occasion. Mr Subhash Chand (Kanoongo), Dr. Vijay Lakshmi (College Principal) , Mrs. Payal Chaudhary (Convenor SVEEP) and Mrs. Sapna Malik (Member SVEEP) graced the occasion with their presence.

The results of competition were as follow:

- First prize: Deepika (Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra)
- Second prize: Kirti (Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra)
- Third prize: Pooja (Jai Ram college, Lohar Majra)

PChaudhary

Scanned with CamScanner

पंजाब केसरी 22/10/2016

## रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र, 21 अक्तूबर (का.प्र.): भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार स्विप गतिविधियों के अंतर्गत दयानंद महिला महाविद्यालय कालेज के प्रांगण में जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इसको जीतने वाले प्रतिभागियों को डी.सी. सुमेधा कटारिया ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

चुनाव तहसीलदार राजकुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में डी.एन. कालेज की दीपिका प्रथम, कृति द्वितीय और जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा की पूजा तृतीय रही।



*छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली देखतीं डी.सी. सुमेधा कटारिया।*

उन्होंने बताया कि 23 अक्तूबर को मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करवाने, कटवाने व संशोधन के लिए दूसरा चरण अभियान होगा।

बी.एल.ओ. 23 अक्तूबर को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बूथों पर बैठेंगे। इस मौके पर कालेज की प्रिंसीपल डा. विजयलक्ष्मी, पायल चौधरी, सपना व कानूनगो सुभाष चंद आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर (22/10/2016)

## डीएन महिला कॉलेज में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र |** मुख्य निर्वाचंन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के तहत स्थानीय दयानंद महिला महाविद्यालय कालेज में जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता को जितने वाले सभी प्रतिभागियों को उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने सम्मानित किया। चुनाव तहसीलदार राजकुमार ने बताया की स्वीप गतिविधियों के तहत जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में डीएन कालेज की दीपिका प्रथम, कृति ने द्वितीय और जयराम कन्या महाविद्यालय लौहार माजरा की पूजा ने तृतीय स्थान पाया।

दैनिक जागरण 22/10/2016

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कुरुक्षेत्र :** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत डीएन कॉलेज के प्रांगण मे जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी देते हुए चुनाव तहसीलदार राजकुमार ने बताया की स्वीप गतिविधियों के तहत जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में डीएन कॉलेज की दीपिका प्रथम स्थान पर रही। इसी कॉलेज की छात्रा कृति ने द्वितीय और जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा की छात्रा पुजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Scanned with CamScanner